भारतीय स्टेट बैंक
प्रशासनिक कार्यालय, भागलपुर
आवश्यक सूचना

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की भारतीय स्टेट बैंक, प्रशासनिक कार्यालय, भागलपुर के लिए 1 (एक) नई वातानुकूलित इनोभा क्रिस्टा 2.4 (डीजल वर्जन) वाहन की आवयश्कता है।

इच्छुक व्यक्ति / कंपनी अपना आवेदन निम्नांकित विवरणों के साथ दिनांक 27.01.2025, शाम पांच बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें ।

1. वांछित मासिक किराया (शुरूआती 1500 किलोमीटर के लिए कोई इंधन खर्च देय नहीं होगा) ।
2. ईंधन खपत ब्योरा (किलोमीटर प्रति लीटर) ।
3. रात्रि कालीन उपयोग शुल्क / प्रभार चालक को देय होगा ।
4. उल्लेखित वाहन छः (6) माह से अधिक पुराना न हो ।

आवेदन मुहरबंद लिफाफे में जिसके ऊपर “वाहन हेतु आवेदन पत्र” लिखा हो, अपना नाम,पता, मोबाइल नंबर ,पहचान पत्र (KYC) के साथ जमा करना सुनिश्चित करना होगा ।

इस सन्दर्भ में ज्ञात्वय है कि वाहन का व्यावसायिक रूप से निबंधित होना आवश्यक है। बैंक के साथ अनुबंध की अवधि 3 वर्षो की होगी। वाहन-चालक (जो बैंक अधिकारी के नियंत्रण में होगा) का मासिक भत्ता, कार के रख-रखाव, मोबिल, इंश्योरेंश, रोड-टैक्स, प्रदुषण सर्टिफिकेट आदि के खर्च का वहन वाहन मालिक को ही करना होगा। इस संदर्भ में यह भी सूचित करना है कि केवल स्थानीय भागलपुर क्षेत्र में संचालित कंपनी/वाहन मालिक (स्थानीय निवासी) ही निविदा में भाग ले सकते हैं।

ज्ञात रहे, कि बिना कोई कारण बताये वाहन के चयन / निरस्तीकरण करने का अधिकार इस कार्यालय का होगा तथा कार्यालय का फैसला अंतिम, मान्य व प्रत्येक पक्ष के लिए बाध्यकारी होगा।

दिनांक: 17.01.2025 **मुख्य प्रबंधक (मानव संसाधन & प्रशासन)**